PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
सोमवार, 23 मार्च 2026




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## बंगलूरू में लैंबॉर्गिनी स्टंट: डॉन के बेटे को नोटिस, कार जब्त



कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में लैंबॉर्गिनी कार से खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। वायरल वीडियो में कार को एमजी रोड के अनिल कुंबले सर्कल पर देर रात तेज रफ्तार में ड्रिफ्टिंग और लापरवाही से चलाते देखा गया, जिससे आम लोगों की सुरक्षा पर खतरा पैदा हो गया। मामले में पुलिस ने पूर्व अंडरवर्ल्ड डॉन मुथप्पा राय के बेटे रिकी राय को नोटिस जारी किया है और कार को जब्त कर लिया है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना के समय कार कौन चला रहा था। कब्बन पार्क ट्रैफिक पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है और वाहन का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की भी सिफारिश की है। इस घटना के बाद शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर बहस तेज हो गई है और सोशल मीडिया पर लोग इस तरह की स्टंटबाजी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## West Asia Crisis: ऊर्जा संकट के बीच भारत की कूटनीतिक जीत

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ऊर्जा संकट के बीच भारत ने एक बार फिर अपनी मजबूत कूटनीतिक स्थिति का परिचय दिया है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और एलपीजी की सप्लाई प्रभावित होने के बावजूद भारत को लगातार राहत मिल रही है। हाल ही में अमेरिका का एलपीजी कार्गो जहाज 'पिक्सिस पायनियर' 16,714 मीट्रिक टन गैस लेकर देश पहुंचा, जबकि इससे एक दिन पहले रूस का तेल टैंकर 'एक्वा टाइटन' बड़ी मात्रा में कच्चा तेल लेकर भारत पहुंचा था। खास बात यह रही कि यह रूसी टैंकर पहले चीन की ओर जा रहा था, लेकिन बाद में इसे भारत की ओर मोड़ दिया गया। दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास युद्ध जैसे हालात के चलते करीब 700 जहाज फंसे हुए हैं, जिससे दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है और एलपीजी संकट भी गहराने लगा है। ऐसे हालात में कई देशों को ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन भारत ने संतुलित कूटनीति के जरिए अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी है।



इस बीच मंगलूरू पोर्ट भारत के लिए अहम भूमिका निभा रहा है, जहां देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी स्टोरेज सुविधा मौजूद है। करीब 80,000 मीट्रिक टन क्षमता वाली यह सुविधा आपूर्ति को सुरक्षित रखने में मदद करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि रूस और अमेरिका दोनों से लगातार मिल रही ऊर्जा आपूर्ति ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती दी है और यह दिखाता है कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत अपनी जरूरतों को प्रभावी रणनीति और कूटनीति के जरिए पूरा करने में सक्षम है।

## Drought Crisis In India: बढ़ता सूखा—जलवायु बदलाव

भारत में सूखे का संकट तेजी से गहराता जा रहा है, खासकर गंगा का मैदानी क्षेत्र और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में इसके गंभीर संकेत दिखाई दे रहे हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों के मुताबिक कमजोर मानसून, बढ़ता तापमान और लगातार हो रहा भूजल दोहन देश को जल संकट के खतरनाक स्तर तक ले जा रहा है। हाल के वर्षों में जलवायु पैटर्न में अस्थिरता बढ़ी है, जिससे सूखा और भी अधिक तीव्र होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स, खासकर यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की 'ग्लोबल वाटर बैंकरप्सी' रिपोर्ट के अनुसार, जल संकट अब सिर्फ पर्यावरणीय मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह आर्थिक, राजनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बड़ा खतरा बन चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि पानी की कमी भविष्य में देशों और समाजों के बीच टकराव को भी बढ़ा सकती है। इसी बीच, शोध बताते हैं कि 1991 से 2020 के बीच गंगा बेसिन ने पिछले 1300 वर्षों का सबसे गंभीर सूखा झेला है।



विशेषज्ञों का कहना है कि इस संकट से निपटने के लिए सबसे ज्यादा ध्यान कृषि क्षेत्र पर देना होगा, क्योंकि भारत में लगभग 85% पानी का उपयोग खेती में होता है। ड्रिप सिंचाई, सौर पंप, कम पानी वाली फसलें और जल संरक्षण तकनीकों को तेजी से अपनाने की जरूरत है। साथ ही इज़राइल और कैलिफोर्निया जैसे क्षेत्रों से सीख लेते हुए जल प्रबंधन, पुनर्चक्रण और नीतिगत सुधारों को लागू करना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य के जल संकट को टाला जा सके।

## Puducherry Election

### पुदुचेरी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी विजय की पार्टी टीवीके, सभी सीटों पर उतारे उम्मीदवार



अभिनेता विजय की पार्टी ने पुदुचेरी विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने का फैसला किया है। इसके तहत पार्टी ने पुदुचेरी की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। मशहूर अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (TVK) ने पुदुचेरी विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने का एलान किया है। इतना ही नहीं पार्टी ने प्रदेश की सभी 30 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया है। पार्टी ने रविवार को ऐलान किया कि वह सभी 30 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। टीवीके द्वारा जारी सूची में दो महिला उम्मीदवारों को भी शामिल किया गया है, जिन्हें पुदुचेरी क्षेत्र की मंगलम और कादिरकामम सीटों से टिकट दिया गया है। पार्टी ने तिरुभुवनै (आरक्षित) सीट से ए. के. साई जे. सरवनन कुमार को उम्मीदवार बनाया है। सरवनन कुमार ने ओस्सुदु (आरक्षित) सीट से फिर से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मिलने पर शनिवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व एआईएडीएमके विधायक के. ए. यू. असाना और एल. पेरियासामी को क्रमशः कराईकल (दक्षिण) और नेट्टापक्कम (आरक्षित) सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

## Transgender Bill

### शशि थरूर का बड़ा हमला— बोले, संशोधन विधेयक 'बुनियादी उलटफेर' और अधिकारों पर खतरा



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 'ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026' की कड़ी आलोचना करते हुए इसे अधिकार-आधारित ढांचे के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक NALSA बनाम भारत संघ (2014) के ऐतिहासिक फैसले के बाद स्थापित व्यवस्था का "बुनियादी उलटफेर" है। थरूर के अनुसार, विधेयक को बिना पर्याप्त चर्चा और संबंधित पक्षों से सलाह लिए जल्दबाजी में पेश किया गया, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने विधेयक के प्रावधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसमें 2019 के कानून की उस धारा को हटा दिया गया है, जो व्यक्ति को अपनी लैंगिक पहचान स्वयं तय करने का अधिकार देती थी। नए प्रस्ताव के तहत अब पहचान की मान्यता के लिए मेडिकल बोर्ड से सत्यापन और सरकारी प्रमाणपत्र जरूरी होगा। थरूर ने इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा के खिलाफ बताते हुए कहा कि इससे सरकार को यह तय करने का अधिकार मिल जाएगा कि कोई व्यक्ति खुद को क्या मानता है।

# Aaj Ka Rashifal 23 March

## इन चार राशि वालों की बदल जाएगी किस्मत और मिलेगा शानदार मौका,

पंचांग के अनुसार 23 मार्च को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि है। इस दिन चंद्रमा वृषभ राशि और कृत्तिका नक्षत्र में होंगे। वहीं 23 मार्च को कई तरह के शुभ योगों का निर्माण होगा जिससे कई राशि वालों के जीवन में कुछ नया देखने को मिल सकता है। मेष राशि वालों की आय में इजाफा हो सकता है। पार्टनरशिप में कोई अच्छी साझेदारी के योग हैं। मिथुन राशि वालों को अचानक लाभ के योग और कन्या राशि वालों को पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ मिल सकता है।



### मेष

आज का दिन आपके लिए परोपकार और सेवा के कार्यों से जुड़कर सम्मान और पहचान दिलाने वाला रहेगा। आप कुछ नया और अलग करने की सोच में लगे रहेंगे और साथ ही अपने पुराने अधूरे कामों को भी पूरा करने का प्रयास करेंगे। संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना जरूरी होगा, क्योंकि सही मार्गदर्शन इस समय उनके भविष्य को मजबूत बना सकता है। अपने आत्मविश्वास को मजबूत रखें, क्योंकि यही आपको आगे बढ़ने की शक्ति देगा। संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थियों के लिए भी आज का दिन राहत देने वाला रहेगा, क्योंकि उन्हें मानसिक और बौद्धिक दबाव से कुछ राहत मिल सकती है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ के अवसर लेकर आ सकता है। यदि किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, तो उसे बातचीत और समझदारी से सुलझाने का प्रयास करें। आपका थोड़ा मनमौजी स्वभाव कभी-कभी कामों में गड़बड़ी भी कर सकता है, इसलिए ध्यान से निर्णय लें। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं, तो परिवार के सदस्यों को साथ लेकर जाना आपके रिश्तों को और मजबूत करेगा। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट भी ला सकते हैं, जिससे रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। संतान को किसी उपलब्धि या पुरस्कार मिलने से घर का माहौल भी खुशी से भर जाएगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ मामलों में सावधानी बरतनी जरूरी होगी। व्यापार करने वाले लोगों को किसी बड़े या प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जिससे भविष्य में लाभ के रास्ते खुल सकते हैं। आपकी कोई पुरानी गलती सामने आ सकती है, इसलिए सतर्क रहें। धन के लेन-देन में बिना सोचे-समझे कदम न उठाएं, वरना पैसा फंस सकता है। शेयर मार्केट में भी सोच-समझकर ही निवेश करें

### कर्क

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। यदि कोई व्यापारिक डील लंबे समय से रुकी हुई थी, तो उसके फाइनल होने की संभावना बन रही है। डिजाइनिंग या क्रिएटिव क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा अवसर मिल सकता है। आप अपने व्यापार को बेहतर तरीके से संभालने में लगे रहेंगे। हालांकि पिताजी से किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक हो सकती है, इसलिए अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखें। कुछ नए लोगों से संपर्क बनाना आपके लिए भविष्य में लाभदायक साबित हो सकता है।

### सिंह

आज आपकी नेतृत्व क्षमता और प्रभाव में वृद्धि देखने को मिलेगी। संतान को नौकरी से जुड़े किसी काम के लिए घर से बाहर जाना पड़ सकता है। भाई-बहनों का सहयोग आपके लिए मजबूती का कारण बनेगा। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं तो वाहन का प्रयोग सावधानी से करें। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को देखते हुए आपको सम्मान या पुरस्कार भी मिल सकता है। विद्यार्थियों के सामने कुछ चुनौतियाँ आ सकती हैं, लेकिन धैर्य से काम लेना जरूरी होगा। पुराने लेन-देन से छुटकारा मिलने की संभावना है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छोटी-छोटी बातों में उलझने से बचें और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने मनपसंद साथी से मुलाकात हो सकती है। परिवार में कुछ पुरानी समस्याएं फिर से सामने आ सकती हैं, लेकिन मिलजुलकर काम करने से समाधान भी निकल आएगा। कार्यक्षेत्र में अपने कामों को टालने की आदत से बचें। विद्यार्थियों के लिए मानसिक दबाव से राहत मिलने के संकेत हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे स्थितियां बेहतर होंगी। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाना ही आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी से बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। घर में किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी धार्मिक या पूजा-पाठ के आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाने की योजना भी बन सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन को संतोष मिलेगा। यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिल सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ कार्य पूरा होने की संभावना है। अपने निर्णय बुद्धि और विवेक से लें और किसी भी काम में जल्दबाजी न दिखाएं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए कुछ खास करने की प्रेरणा लेकर आएगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभवों से सीखने का मौका मिलेगा। पढ़ाई और आध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। पारिवारिक मामलों को मिलजुलकर सुलझाने का प्रयास करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था तो उसके वापस मिलने की संभावना है। कोई कानूनी मामला भी आपके पक्ष में सुलझ सकता है।

### मकर

आज का दिन आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह देता है। किसी भी काम में जल्दबाजी से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। कुछ नए विरोधी सामने आ सकते हैं, इसलिए सतर्क रहें। किसी अजनबी पर जल्दी भरोसा न करें। यदि आप काम के लिए लोन लेना चाहते थे तो उसमें सफलता मिल सकती है। संतान की पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप उनके शिक्षकों से बात कर सकते हैं।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर कई नए और अच्छे आइडिया आएंगे, जिन्हें आप अपने व्यवसाय में लागू कर सकते हैं। यदि सेहत से जुड़ी कोई समस्या चल रही है तो उसे नजरअंदाज न करें, वरना परेशानी बढ़ सकती है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों से बॉस प्रभावित होंगे और आपके प्रमोशन की चर्चा भी आगे बढ़ सकती है।

### मीन

आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बेहतर अवसर लेकर आ सकता है। आपको अपने रिश्तों में संतुलन और समानता बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। यदि किसी काम को पूरा करने में पहले कठिनाई आ रही थी तो अब उसका समाधान निकलता दिखाई देगा। अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। हालांकि कुछ विरोधी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी होगा।

## LPG Crisis: गैस बुकिंग पर आया एक और अपडेट कोटे से अधिक सिलिंडर के लिए देनी होगी ये जानकारी क्या है नया नियम?



एलपीजी सिलिंडरों की किल्लत के बीच नया अपडेट आया है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एक नई प्रक्रिया शुरू की है। अब कोटे से अतिरिक्त सिलिंडर चाहिए होंगे तो प्रयोजन बताना होगा। घर में शादी है या भंडारा, परिवार के सदस्यों और आने वाले मेहमानों की भी जानकारी देनी होगी। एलपीजी सिलिंडरों की किल्लत के बीच भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एक नई प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन उपभोक्ताओं ने सालाना कोटे के 12 सिलिंडर रिफिल करा लिए हैं, उन्हें नई बुकिंग के लिए हेलो बीपीसीएल एप पर जाकर सवालों के जवाब देने होंगे। परिवार के सदस्यों की संख्या, आने वाले मेहमानों का विवरण, घर में शादी, भंडारा या कोई अन्य आयोजन है तो उसकी भी जानकारी देनी होगी। तभी सिलिंडर बुक होगा। रविवार से लागू इस नियम की जानकारी गैस एजेंसी संचालकों और उपभोक्ताओं को भी नहीं थी।

सुबह से ही मोबाइल फोन से बुकिंग की कोशिश कर रहे लोग असफल होने पर गैस एजेंसी पहुंचे। एजेंसी पर मौजूद स्टाफ को भी इसकी जानकारी नहीं थी। संचालक ने कंपनी के अधिकारियों को कॉल की तो इस नई प्रक्रिया की जानकारी मिली। ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव आदर्श गुप्ता के मुताबिक, एक वित्त वर्ष में उपभोक्ता 12 सिलिंडर ले सकते हैं। कई उपभोक्ताओं का कोटा पूरा हो चुका है। **बीपीसीएल कंपनी के नए दिशा-निर्देश** लिहाजा, बीपीसीएल कंपनी के नए दिशा-निर्देश के तहत अब उपभोक्ताओं को बुकिंग के लिए मोबाइल एप डाउनलोड करना होगा। क्रमवार सवालों के जवाब देने होंगे। उसके बाद ही बुकिंग होगी। स्मार्टफोन के दौर में भी तमाम शहरी और ग्रामीण उपभोक्ता कीपैड वाला फोन ही चलाते हैं। कई ऐसे हैं जो स्मार्टफोन खरीद नहीं सकते हैं। ऐसे उपभोक्ताओं को कोटे के अलावा गैस बुकिंग के लिए फोन खरीदना, एप डाउनलोड कर सवालों के जवाब देना भी कठिन होगा। ऐसी स्थिति में घर बैठे एलपीजी बुकिंग की सहूलियत का लाभ भी नहीं मिलेगा।

# Himachal Weather

## हिमाचल में फिर बदलेगा मौसम, आज से बारिश-बर्फबारी के आसार; इन जिलों में हिमखंड गिरने की आशंका



हिमाचल प्रदेश में सोमवार से फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। बता दें कि आज प्रदेशभर के कुछ स्थानों पर बारिश और पहाड़ों में बर्फबारी के आसार हैं। दो दिन की राहत के बाद हिमाचल प्रदेश में मौसम फिर से बदलने वाला है। सोमवार को प्रदेशभर के कुछ स्थानों पर बारिश और पहाड़ों में बर्फबारी के आसार हैं। मौसम केंद्र शिमला के मुताबिक चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है। उच्च पर्वतीय इलाकों में 28 तक मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। खिली धूप के बीच पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल तक पहुंचे। धूप खिलने के बाद कुल्लू और लाहौल स्पीति में 2700 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में हिस्खलन की संभावना जताई गई है। वहीं, रविवार को शिमला के अलावा कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले में भी मौसम साफ रहा। शिमला में दोपहर बाद बादल छा गए। तापमान में गिरावट आने से मौसम ठंडा हो गया है। मौसम केंद्र शिमला के अनुसार 23 मार्च से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है। उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना जताई गई है। यह सिलसिला 28 मार्च तक ऊंचे इलाकों में जारी रह सकता है। रविवार को शिमला में अधिकतम तापमान 18, सुंदरनगर में 27.3, ऊना में 30.2, केलांग में 5.2, सोलन में 24, कुफरी में 11.6, कसौली में 19.7 दर्ज किया गया।

# धुरंधर 2' के एक्टर ने शेयर किया संघर्ष के दिनों का खत



एक्टर गौरव गेरा इन दिनों 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने मोहम्मद आलम का किरदार निभाया है। इस फिल्म ने उन्हें खूब सराहना दिलाई है। हालांकि, यह पहचान उन्हें वर्षों की लगन और संघर्ष के बाद मिली है।गौरव ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने शुरुआती दिनों की झलकियां साझा की हैं। उन्होंने 1998 में अपने माता-पिता को लिखे पत्र पोस्ट किए। जब वह अपने अभिनय के सपनों को पूरा करने के लिए दिल्ली से मुंबई आए थे। पोस्ट किए। यह उस समय की बात है जब वह अपने अभिनय के सपनों को पूरा करने के लिए दिल्ली से मुंबई आए थे।रविवार को, उन्होंने उस समय के दो पत्रों की तस्वीरें पोस्ट कीं, साथ ही एक दिल को छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा 'मेरे माता-पिता को लिखा यह पत्र 3 दिसंबये चिट्ठियां अभिनेता के शुरुआती संघर्षों की एक झलक पेश करती हैं। इनमें से एक में उन्होंने लिखा था, 'प्यारी मम्मी और पापा, आप लोग कैसे हैं? मैं यहां बिल्कुल ठीक हूं। पैसे के मामले में अभी तक कुछ खास नहीं हुआ है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। दिल्ली के मुकाबले यहां काम बहुत ज्यादा है।'

# मनीष मल्होत्रा के यहां संवेदना जताने पहुंचीं काजोल, यूजर्स की बंटी राय




सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में, मनीष मल्होत्रा के घर के बाहर फोटोग्राफरों की भीड़ देखकर काजोल असहज नजर आईं। अंदर जाने लगीं तब उन्होंने कहा, 'प्लीज, बस' और उन्हें रिकॉर्डिंग बंद करने का इशारा किया। इससे जाहिर होता है कि शोक व्यक्त करने के इस मौके पर उन्हें निजता की जरूरत थी।

# श्रीलीला ने बताया क्यों छोड़ना चाहती थीं इंडस्ट्री



उस्ताद भगत सिंह' की हीरोइन श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि क्यों वो फिल्मों और इंडस्ट्री को छोड़ने का बना चुकी थीं मन सुमा कनकवाला के 'चैट शो द रील फ्लेवर' में श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की। उनसे पूछा गया कि क्या ट्रोलिंग उन्हें परेशान करती है? इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैंने इस इंडस्ट्री में शुरुआत की थी, तब तो करती थी।मुझे बहुत बुरा लगता था, मैं रोती थी।मैंने अपनी मां से भी कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं यह कर पाऊंगी। क्या मुझे वापस स्कूल या कॉलेज जाना चाहिए? मैं बहुत संवेदनशील थी, लेकिन अब मुझे इसकी परवाह नहीं है।श्रीलीला ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आजकल लोगों में अपनी बुद्धि होती है। इसलिए, निगेटिविटी देखने पर भी वे थोड़ासोचते हैं। आजकल के लोगों में पहले से ज्यादा बुद्धि होती है। इसलिए वो ज्यादा ही सोचते हैं।वर्कफ्रंट की बात करें ‘उस्ताद भगत सिंह’ के बाद श्रीलीला अब अनुराग बसु द्वारा निर्देशित अनाम फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वो कार्तिक आर्यन के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है।पहले इसे ‘आशिकी 3’ बताया जा रहा थामेकर्स ने साफ किया कि ये ‘आशिकी 3’ नहीं है। अब फिल्म का नाम 'तू मेरी जिंदगी है' बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# अदिति राव हैदरी पर फिदा हुए पति सिद्धार्थ




मुंबई में चल रहे एक फैशन वीक के आखिरी दिन, एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने रनवे पर अपनी अदाओं से समां बांध दिया। उनके पति सिद्धार्थ पहली लाइन में बैठकर उनका हौसला बढ़ाते नजर आए। इस कपल ने एक अनोखे पल के साथ फैंस को रैंप पर और रैंप के बाहर, दोनों जगह अपने प्यार की झलक दिखाई। अदिति ने एक शानदार मिडनाइट ब्लू लहंगे में रनवे पर जबरदस्त एंट्री की। उनकी ड्रेस ने फैंस का ध्यान खींचा। इस ड्रेस में एक लहराता हुआ स्कर्ट था जिस पर बारीक प्रिंट बने थे। इसके साथ अभिनेत्री ने एक बोल्ड, ब्रालेट-स्टाइल का ब्लाउज पहना था जिसका गला काफी गहरा था। इसमें एक मॉडर्न टच देने के लिए, उन्होंने इस लुक के ऊपर एक लंबा, स्ट्रक्चर्ड ट्रेंच कोट पहना, जिससे पारंपरिक पहनावे को एक आधुनिक लुक मिला।

# फैंस के साथ ली सेल्फी, लगे बब्बर शेर के नारे



रणवीर सिंह इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म ‘धुरंधर 2’ की सफलता को एंजॉय कर रहे हैं। इस बीच अब पहली बार रणवीर सिंह पब्लिक के सामने आए और वो भी पत्नी दीपिका पादुकोण के साथ। कपल एक रेस्टोरेंट में लंच डेट पर निकले। इस दौरान रेस्टोरेंट से बाहर आते ही मीडिया और फैंस ने दोनों को घेर लिया।इस दौरान रणवीर को देखकर जहां फैंस ने उन्हें धुरंधर और बब्बर शेर जैसे तमगे दे डाले। वहीं दीपिका रणवीर के प्रति लोगों का ये क्रेज देखकर मुस्कुराती नजर आईं। इस बीच अब कपल की रेस्टोरेंट के अंदर की तस्वीरें भी सामने आई हैं। जहां दोनों ने फैंस और रेस्टोरेंट के स्टाफ के साथ भी सेल्फी लेकर उनका दिन बना दिया ।सामने आए एक वीडियो में रणवीर और दीपिका रेस्टोरेंट से बाहर निकलते दिख रहे हैं। हकपल बाहर निकला बाहर जमा भीड़ खुशी से झूम उठी और फैंस ने रणवीर की हालिया सफलता का जश्न मनाते हुए उन्हें ‘बब्बर शेर’ तक कह डाला।रणवीर ने भी फैंस का अभिवादन करते हुए उनके साथ तस्वीर भी खिंचाई। हालांकि, फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से इस बार मिली-जुली प्रतिक्रिया ही हासिल हो रही है।

# द 50' विनर शिव ठाकरे को रनरअप ने दी बधाई



रविवार को शिव ठाकरे रियलिटी शो ‘द 50’ के विजेता बने। रनरअप एक्टर फैसल शेख रहे। जीत के बाद फैसल ने शिव ठाकरे को बधाई दी, वहीं सोशल मीडिया यूजर्स के अलग ही सुर सुनाई दिए। कई सोशल मीडिया यूजर्स शिव ठाकरे को विजेता बनने का हकदार नहीं मान रहे हैं।रियलिटी शो ‘50’ के लंबे समय को पार करते हुए शिव ठाकरे ने विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। शो में फैसल शेख ने भी बढ़िया गेम खेला था, वह भी विजेता बनने की दौड़ में थे, लेकिन ऐसा हो ना सका। शिव जब विनर बने तो फैसल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी। वहीं फैसल शेख की पुरानी पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर अलग ही लीक पर चलते दिखे। वह शिव ठाकरे को विजेता मानने से इंकार कर रहे हैं। फैसल शेख की पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए कई यूजर्स ने उन्हें ‘द 50’ शो का असली विनर उन्हें ही माना। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, ‘विनर बनना आप डिजर्व करते थे।’ एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, ‘हमारे लिए विर फैजू है।’ कई यूजर ने कहा कि फैसल ने उनका दिल जीत लिया है। इसी तरह के कई कमेंट फैसल के फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स ने किए हैं। शिव ठाकरे एक इंडियन रियलिटी टीवी स्टार हैं। उन्होंने 'रोडीज राइजिंग', 'बिग बॉस मराठी सीजन 2', 'बिग बॉस 16', 'खतरों के खिलाड़ी 13' और 'झलक दिखला जा 11' जैसे रियलिटी शो किए। कई एड फिल्मों में भी नजर आए। 'बिग बॉस मराठी सीजन 2' के तो वह विनर भी रहे हैं। शिव ठाकरे और फैसल के अलावा शो में काका, रजत दलाल और कृष्णा श्रॉफ भी काफी चर्चा में रहे।

# पाकिस्तानी पुलिस ऑफिसर ने धुरंधर 2' के मेकर्स से की रॉयल्टी की मांग



हाल ही में पाकिस्तान की सिंध पुलिस के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल उमर शाहिद हामिद ने डिजीटॉक नाम के पॉडकास्ट पर फिल्म ‘धुरंधर 2’ को लेकर बात की। जब पॉडकास्ट होस्ट ने फिल्म के बारे में पूछा तो उमर शाहिद ने कहा, ‘हां, हम आपस में हंसते हुए बात कर रहे थे यह सब तो हमने ल्यारी में देखा है, इससे हम गुजरे हैं। बॉलीवुड अगर इस पर फिल्म बन रहा है तो हमें कुछ तो रॉयल्टी मिलनी चाहिए। लेकिन हमें तो कोई पैसे नहीं मिले हैं।’

# पश्चिम एशिया तनाव से कच्चे तेल में उछाल

## ब्रेंट क्रूड का भाव 112 डॉलर के पार, होर्मुज संकट से बाजार में चिंता



पश्चिम एशिया तनाव का असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखने को मिल रहा है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.60 फीसदी की कमजोरी के साथ 112.90 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता देखा गया।

# कॉरपोरेट कानूनों में बड़ा बदलाव: निर्मला सीतारमण


## आज लोकसभा में पेश करेंगी संशोधन बिल, जानें क्या बदलेगा



कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े कानूनों में बड़े बदलाव की दिशा में आज अहम कदम उठाया जा रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में संशोधन विधेयक पेश करेंगी, जिसका उद्देश्य कंपनियों के कामकाज को सरल बनाना और नियमों को आधुनिक बनाना है। सरकार का फोकस 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने और छोटे व मध्यम उद्योगों को राहत देने पर है, ताकि निवेश और आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सके। प्रस्तावित संशोधन में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाने या आसान बनाने की बात कही जा रही है। इसके तहत मामूली उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर प्रशासनिक दंड में बदलने, अनुपालन प्रक्रियाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने तथा कंपनियों के लिए रिपोर्टिंग सिस्टम को सरल करने जैसे कदम शामिल हो सकते हैं। इससे कंपनियों पर कानूनी दबाव कम होगा और वे अपने व्यवसाय पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

# The Bonus Market Update

## सेंसेक्स 1556 अंक गिरा, US डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 93.90 के पार




हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। वहीं पिछले दिन शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक उछलकर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक की बढ़त के साथ 23,114.50 पर बंद हुआ था। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बड़ी गिरावट के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,555.62 अंक या 2 प्रतिशत गिरकर 72,977.34 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 479.95 अंक या 2 प्रतिशत गिरकर 22,634.55 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 41 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 93.94 पर आ गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और अदानी पोर्ट्स सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। एचसीएल टेक एकमात्र विजेता के रूप में उभरी। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, हालात तेजी से एस्केलेशन की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे निवेशकों में घबराहट साफ दिख रही है। अजय बग्गा ने कहा कि हफ्ते की शुरुआत बेहद अस्थिर माहौल में हुई है और निवेशक जोखिम वाले एसेट्स से पैसा निकालकर डॉलर जैसी सुरक्षित जगहों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी मनी मार्केट फंड्स का एयूएम 8 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है, जो इस सेफ्टी फ्लाइट को दर्शाता है। बग्गा के अनुसार, बाजार में घबराहट की सबसे बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम है। इसमें कहा गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोला जाए, जो फिलहाल युद्ध से पहले की क्षमता के सिर्फ 5% पर चल रहा है, वरना ईरान के पावर ग्रिड को निशाना बनाया जा सकता है। कमोडिटी बाजार में भी भारी अस्थिरता बनी हुई है। ब्रेंट क्रूड करीब 112 डॉलर प्रति बैरल और WTI 98.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना रहा। सप्लाई बाधित होने की आशंका और वैश्विक मांग में गिरावट के डर के बीच कीमतें लगातार उतार-चढ़ाव में हैं।

# Gold-Silver Price

## सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट; चांदी ₹2430 तक टूटी, सोना ₹990 सस्ता



पश्चिम एशिया में जारी तनाव से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिला। चांदी 2430 रुपये सस्ती हुई, वहीं सोना 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा।पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 2340 रुपये गिरकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 990 रुपये गिरकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर बुलियन बाजार दबाव में नजर आया। मजबूत अमेरिकी डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना और चांदी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। एमसीक्स पर 24 कैरेट सोना 0.57% टूटकर 1,52,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा, जबकि चांदी 1.21% गिरकर 2,45,197 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और इसका सीधा दबाव सोने-चांदी पर पड़ा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ताजा मौद्रिक नीति फैसले का भी असर बाजार पर देखने को मिला। फेड ने लगातार दूसरी बैठक में ब्याज दरों को 3.5% से 3.75% के दायरे में स्थिर रखा है। इससे पहले 2025 में सितंबर, अक्तूबर और दिसंबर में 0.25% की कटौती की गई थी। बाजार की नजर फेड चेयर जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर भी रही।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कमजोरी देखने को मिली। स्पॉट गोल्ड 1.22% गिरकर 4,836 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि स्पॉट सिल्वर 2.25% से ज्यादा टूटकर 75.75 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। मार्च महीने में अब तक सोने की कीमतों में करीब 4% और चांदी में लगभग 16% की गिरावट आ चुकी है, जिससे निवेशकों की धारणा फिलहाल कमजोर बनी हुई है।

# Rupee All-Time Low:

## डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, 41 पैसे टूटकर 93.94 पर पहुंचा



रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 41 पैसे गिरकर 93.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया संकट के चलते महंगे कच्चे तेल, मजबूत डॉलर, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कमजोर शेयर बाजार ने रुपये पर दबाव बढ़ाया। शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया लगातार दबाव में रहा और 41 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.94 के अपने नए ऑल-टाइम लो पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मजबूत डॉलर ने रुपये को कमजोर कर दिया है। इंटरबैंक फॉरेक्स मार्केट में रुपया 93.84 पर खुला और जल्द ही गिरकर 93.94 के स्तर तक पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर 93.53 के मुकाबले 41 पैसे की गिरावट दर्शाता है। इससे पहले शुक्रवार को भी रुपया पहली बार 93 के पार गया था और 64 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ था। फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने रुपये पर अतिरिक्त दबाव बनाया है। भारत खाड़ी देशों से आयात होने वाले तेल पर अब प्रति बैरल करीब 50 डॉलर अधिक चुका रहा है, जिससे आयात बिल बढ़ा है और डॉलर की मांग तेज हुई है।

# IPL 2026: पीसीबी अध्यक्ष नकवी की नई गीदड़भभकी

## PSL छोड़ आईपीएल में जाने वाले खिलाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की धमकी



पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने खिलाड़ियों को चेतावनी दी है कि अगर वे PSL छोड़कर IPL में खेलने का विकल्प चुनते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस बयान से यह साफ होता है कि नकवी और पीसीबी की चिढ़ आईपीएल से कितनी ज्यादा है। पीएसएल में जहां एक तरफ फुस्स खिलाड़ी खेल रहे हैं, वहीं आईपीएल की चमक से नकवी डरे हुए नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी की नई गीदड़भभकी सामने आई है। उन्होंने उन खिलाड़ियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, जिन्होंने आखिरी मिनट में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) छोड़कर आईपीएल में जाने का फैसला किया है। लगातार दूसरे साल ये दोनों लीग एक ही समय पर हो रही हैं। श्रीलंका के दासुन शनाका पाकिस्तान सुपर लीग से अपना नाम वापस लेने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने लाहौर कलंदर्स की टीम को छोड़कर आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलने का फैसला किया है। राजस्थान ने शनाका को चोटिल सैम करन की जगह पर बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर डेनियल सैम्स लाहौर कलंदर्स में शनाका की जगह लेंगे। ब्लेसिंग मुजरबानी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ आईपीएल का करार पक्का होने के बाद पहले ही पाकिस्तान सुपर लीग से हट चुके हैं। मोहसिन नकवी ने कहा, 'हम नियमों के अनुसार उन खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। पिछले साल भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था

# 60 साल तक खेल रिटायरमेंट के सवाल पर धोनी के इस जवाब से चौंक जाएंगे चेपॉक में हंस पड़े सीएसके के फैंस



धोनी ने चेपॉक इवेंट में मजाक में 60 साल तक खेलने की बात कहकर फैंस को उत्साहित कर दिया। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। IPL 2026 में वह खेलेंगे, लेकिन उनकी भूमिका सीमित हो सकती है और यह उनका आखिरी सीजन भी साबित हो सकता है। एमएस धोनी एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनका खेल नहीं बल्कि एक हल्का-फुल्का मजाक है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में हुए सीएसके फैन इवेंट के दौरान धोनी ने ऐसा बयान दिया, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह भर दिया। इस कार्यक्रम में अभिनेता शिवकार्तिकेयन भी मौजूद थे, जिन्होंने धोनी से मजाकिया अंदाज में अपील की कि वह लंबे समय तक आईपीएल खेलते रहें। इस पर धोनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया- मैं कोशिश कर सकता हूं... 60 साल तक खेलने की।' उनके इस जवाब पर स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठा और सीएसके के फैंस हंस पड़े। इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। सीएसके फैंस ने इसे हाथों-हाथ लिया और धोनी के इस बयान को लेकर नए-नए रिएक्शन आने लगे। कई फैंस ने इसे मजाक से ज्यादा उम्मीद की तरह देखा। हालांकि, धोनी ने यह भी संकेत दिया कि उनकी उम्र में फिटनेस बनाए रखना आसान नहीं है, लेकिन उनके इस हल्के-फुल्के अंदाज ने फैंस को खुश कर दिया। धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने अब तक 278 मैचों में 5439 रन बनाए हैं और चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है।

# माही-माही' से गूंजा चेपॉक: रोर 2026 में धोनी ने सैमसन-दुबे को किया सम्मानित रैना-हेडन हॉल ऑफ फेम में शामिल



चेन्नई सुपर किंग्स के रोर 2026 इवेंट में महेंद्र सिंह धोनी ने संजू सैमसन, शिवम दुबे और आयुष म्हात्रे को सम्मानित किया, जबकि सुरेश रैना और मैथ्यू हेडन को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। आईपीएल 2026 के आगाज से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने घरेलू मैदान एमए चिदंबरम स्टेडियम में 'रोर 2026' इवेंट का भव्य आयोजन कर फैंस को पुराने सुनहरे पलों और नई उम्मीदों का शानदार संगम दिखाया। इस खास कार्यक्रम में फ्रेंचाइजी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों और मौजूदा स्क्वॉड ने एक साथ मंच साझा किया, जिससे स्टेडियम का माहौल पूरी तरह उत्सव में बदल गया। पांच बार की चैंपियन टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस इवेंट के केंद्र में रहे और जैसे ही उन्होंने मैदान में एंट्री की, पूरा स्टेडियम माही-माही के नारों से गूंज उठा। कई फैंस, खासकर एक महिला समर्थक, उन्हें देखकर भावुक हो गईं, जिससे धोनी के प्रति फैंस की दीवानगी एक बार फिर साफ नजर आई। इस दौरान धोनी ने संजू सैमसन, शिवम दुबे और अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान आयुष म्हात्रे को सम्मानित किया। खास बात यह रही कि सैमसन इस सीजन में पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे, और वह टी20 वर्ल्ड कप 2026 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के बाद शानदार फॉर्म में हैं। इवेंट में सीएसके ने अपने इतिहास में पहली बार 'हॉल ऑफ फेम' की शुरुआत भी की, जिसमें सुरेश रैना और मैथ्यू हेडन को शामिल किया गया। चिन्ना थाला के नाम से मशहूर रैना ने 2008 से 2021 तक टीम के लिए 5529 रन बनाए और चार आईपीएल खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे, जबकि हेडन 2010 की चैंपियन टीम में शामिल रहे और 2009 में ऑरेंज कैप जीतकर इतिहास रचा। इवेंट में अंबाती रायडू, माइकल हसी, मुथैया मुरलीधरन, हरभजन सिंह, लक्ष्मीपति बालाजी और ड्वेन ब्रावो सहित कई पूर्व दिग्गजों की मौजूदगी ने माहौल को और खास बना दिया।

# Delhi Capitals SWOT Analysis: मजबूत बल्लेबाजी के दम पर IPL में उतरेगी दिल्ली कमजोर पेस अटैक बन सकता है मुसीबत



आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स संतुलित बल्लेबाजी के साथ उतर रही है, जहां केएल राहुल, पृथ्वी शॉ और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी टीम की ताकत हैं। हालांकि, मिचेल स्टार्क की गैरमौजूदगी और अनुभवहीन पेस अटैक टीम की सबसे बड़ी कमजोरी बन सकती है। आईपीएल के 19वें सीजन में दिल्ली कैपिटल्स एक बार फिर अपने पहले खिताब की तलाश में मैदान पर उतरने जा रही है। अक्षर पटेल की कप्तानी में टीम इस बार संतुलित बल्लेबाजी लाइनअप के साथ नजर आ रही है, लेकिन तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी उसके लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। ऐसे में सवाल यही है कि क्या इस बार दिल्ली का लंबा इंतजार खत्म हो पाएगा या नहीं। पिछले सीजन की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी, लेकिन टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में टीम का प्रदर्शन पूरी तरह गिर गया। 14 मुकाबलों में 7 जीत और 7 हार के साथ टीम प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई थी। अक्षर पटेल की कप्तानी में यह टीम के लिए निराशाजनक अंत रहा, लेकिन इस बार टीम ज्यादा संतुलित नजर आ रही है और वापसी की पूरी कोशिश करेगी। दिल्ली की बल्लेबाजी इस सीजन उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। केएल राहुल पिछले सीजन शानदार लय में नजर आए थे और इस बार भी उनसे टीम को बड़ी उम्मीदें होंगी। उनके अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था, जबकि अभिषेक पोरेल ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन करके अपनी उपयोगिता साबित की थी। टॉप ऑर्डर में टीम के पास अच्छे विकल्प मौजूद हैं। बेन डकेट और पृथ्वी शॉ के रूप में दिल्ली के पास दो आक्रामक सलामी बल्लेबाज हैं, जो टीम को तेज शुरुआत दिला सकते हैं। वहीं, नीतीश राणा का अनुभव मिडिल ऑर्डर को मजबूती देता है। इसके अलावा डेविड मिलर को टीम में शामिल करने से बल्लेबाजी और भी संतुलित नजर आती है,

# न दर्शक न सितारे: PCB की हालत खराब कैसे कराएं पीएसएल?IPL की चमक से फीका पड़ा रंग नकवी ने फिर दी गीदड़भभकी

पीएसएल अब पश्चिम एशिया संकट के कारण बिना दर्शकों के केवल लाहौर और कराची में खेली जाएगा।वहीं, आईपीएल में जाने वाले खिलाड़ियों पर पीसीबी ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को लेकर बड़ा फैसला लिया है। पश्चिम एशिया संकट के कारण बने मौजूदा हालातों को देखते हुए इस बार पूरा टूर्नामेंट खाली स्टेडियमों यानी बिना दर्शकों के खेला जाएगा। इसके साथ ही लीग को अब सिर्फ दो शहरों में कराया जाएगा। इनमें लाहौर और कराची शामिल हैं। **सिर्फ दो शहरों में मैच, दर्शकों की एंट्री पर रोक** पीसीबी प्रमुख मोहसिन ने बताया कि यह फैसला पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और तेल आपूर्ति प्रभावित होने के कारण लिया गया है। खास तौर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बाधा के चलते पाकिस्तान में ईंधन संकट गहराया है। सभी मैच अब सिर्फ लाहौर और कराची में होंगे।



पहले तय छह शहरों की बजाय दो शहरों तक सीमित। ओपनिंग सेरेमनी रद्द।स्टेडियम पूरी तरह खाली रहेंगे। पहले खरीदे गए टिकटों का रिफंड दिया जाएगा।सरकार ने लोगों से यात्रा सीमित करने की अपील की है, स्कूल बंद हैं और वर्क फ्रॉम होम लागू है। ऐसे में पीसीबी ने भीड़ जुटाने से बचने का निर्णय लिया। हालांकि, पीसीबी ने यह भी कहा कि अगर हालात सुधरते हैं तो टूर्नामेंट के अंतिम चरण में दर्शकों को अनुमति दी जा सकती है। **फ्रेंचाइजी को मुआवजा, अन्य शहरों को आश्वास** दर्शकों के न आने से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पीसीबी फ्रेंचाइजी टीमों को मुआवजा देगा। वहीं, पहले से टिकट खरीदने वाले फैंस को पैसा लौटाया जाएगा। पेशावर जैसे शहरों को इस बार मैच नहीं मिल पाएंगे, लेकिन पीसीबी ने वादा किया है कि अगले साल ज्यादा शहरों को मौका दिया जाएगा। **आईपीएल जाने वाले खिलाड़ियों पर पीसीबी का कड़ा रुख**आईपीएल जाने वाले खिलाड़ियों पर पीसीबी का कड़ा रुख दूसरा बड़ा मुद्दा उन खिलाड़ियों का है जिन्होंने पीएसएल छोड़कर भारत की प्रतिष्ठित टी20 लीग आईपीएल में खेलने का फैसला किया। ब्लेसिंग मुजरबानी और दासुन शनाका जैसे खिलाड़ियों ने आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद पीएसल से नाम वापस ले लिया है, जबकि गुडाकेश मोटी, जैक-फ्रेजर मैकगर्क, ओटनील बार्टमैन और स्पेंसर जॉनसन भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

